दिनांक–12.03.2026 को मुख्य विद्युत अभियंता–1, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में Provision to SITC of VRF system in Dakshta Bhawan at Ground, 1st and 2nd floor and 4 no. Lightening Arrestor in the campus of BIPARD Skill Park, Patna के कार्य हेतु आमंत्रित ई–निविदा के तकनीकी बीड पर निर्णय लेने हेतु आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के बैठक की कार्यवाही–

---

उपस्थिति–

(1) श्री असीम कुमार – मुख्य विद्युत अभियंता–1, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना ।

(2) श्री आदित्य राज – विद्युत अधीक्षण अभियंता, विद्युत भवन अंचल, पटना ।

(3) श्री विपिन कुमार – विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत भवन प्रमंडल संख्या–3, पटना ।

1. कार्य का नाम– Provision to SITC of VRF system in Dakshta Bhawan at Ground, 1st and 2nd floor and 4 no. Lightening Arrestor in the campus of BIPARD Skill Park, Patna.
2. प्रशासनिक स्वीकृति की राशि – रु0 4,18,03,920/–
3. प्रशासनिक स्वीकृति का प्रसंग – बिपार्ड, पटना का पत्रांक–5607, दिनांक–02.12.2025
4. तकनीकी स्वीकृति की राशि – रु0 4,18,03,920/–
5. परिमाण विपत्र की राशि – रु0 4,15,46,190/–
6. ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 98/2025–26 (विद्युत भवन प्रमंडल संख्या–3, पटना)
7. समाचार पत्र में प्रकाशन का प्रसंग – हिन्दुस्तान, दिनांक–24.12.2025
8. प्रकाशन का पी0आर0 संख्या – 020213(BCD)/2025–26 एवं 021608(BCD)/2025–26
9. ई–निविदा आमंत्रण की तिथि – 22.12.2025
10. प्री–बीड बैठक की तिथि – 06.01.2026
11. ई–निविदा (तकनीकी बीड) खोलने की तिथि–16.01.2026
12. ई–निविदा में भाग लेने वाले निविदादाताओं का नाम एवं पता–
    (i) मेसर्स हिल टॉप रेफ ईंजीनियर्स प्रा0 लि0, नई दिल्ली ।
    (ii) मेसर्स कूल केयर होम, पटना ।
    (iii) श्रेयश इंजीकॉन प्रा0 लि0, पटना ।
13. दिनांक–12.03.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के बैठक की कार्यवाही–

विद्युत अधीक्षण अभियंता, विद्युत भवन अंचल, पटना के पत्रांक–199, दिनांक–27.01.2026 द्वारा विषयांकित कार्य के निविदा के तकनीकी बीड अभिलेखों को समर्पित किया गया है । उल्लेखनीय है कि विषयांकित कार्य हेतु प्रथम बार आमंत्रित ई–निविदा में कुल तीन निविदादाताओं द्वारा भाग लिया गया है । तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के द्वारा उक्त सभी निविदादाताओं के तकनीकी बीड के अभिलेख का मूल्यांकन इस शर्त्त के साथ किये जाने का निर्णय लिया गया कि निविदादाताओं द्वारा अपलोड किये गये समान प्रकृति कार्य का अनुभव प्रमाण पत्र के जाँच के क्रम में यदि अनुभव प्रमाण पत्र फर्जी/जाली पायी जाती है, तो उक्त निविदादाता के विरूद्ध बिहार ठेकेदारी निबंधन नियमावली–2007 के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी । तद् आलोक में समिति के सभी सदस्यों द्वारा तकनीकी बीड अभिलेखों के जाँचोपरांत पाया गया कि–

(i) प्रथम निविदादाता मेसर्स हिल टॉप रेफ ईंजीनियर्स प्रा0 लि0, नई दिल्ली है । इनके द्वारा अपलोड किए गए अभिलेखों के जाँचोपरांत पाया गया कि निविदा के सभी शर्त्तों/नियमों एवं एस0बी0डी0 नियमों का अनुपालन किया जा रहा है । अतः इन्हें तकनीकी बीड में "रिस्पौंसिव" पाया गया ।

(ii) द्वितीय निविदादाता मेसर्स कूल केयर होम, पटना है । इनके द्वारा अपलोड किए गए अभिलेखों के जाँचोपरांत पाया गया कि निविदा के सभी शर्त्तों/नियमों एवं एस0बी0डी0 नियमों का अनुपालन किया जा रहा है । अतः इन्हें तकनीकी बीड में "रिस्पौंसिव" पाया गया ।

(iii) तृतीय निविदादाता श्रेयश इंजीकॉन प्रा0 लि0, पटना है । इनके द्वारा अपलोड किए गए अभिलेखों के जाँचोपरांत पाया गया कि निविदा के सभी शर्त्तों/नियमों एवं एस0बी0डी0 नियमों का अनुपालन किया जा रहा है । अतः इन्हें तकनीकी बीड में "रिस्पौंसिव" पाया गया ।

14. <u>दिनांक–12.03.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक का निर्णय–</u>

सम्यक् विचारोपरांत समिति के सभी सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से ई–निविदा के तकनीकी बीड में भाग लेने वाले तीनों निविदादाताओं यथा मेसर्स हिल टॉप रेफ ईंजीनियर्स प्रा0 लि0, नई दिल्ली, मेसर्स कूल केयर होम, पटना एवं श्रेयश इंजीकॉन प्रा0 लि0, पटना को सफल घोषित करने का निर्णय विभागीय आदेश ज्ञापांक–6290 (भ), दिनांक–07.07.2025 के आलोक में लिया गया । साथ ही, समिति द्वारा यह भी निर्णय लिया गया कि इस कार्यवाही को विभागीय बेवसाईट पर रखी जाय एवं दिनांक–19.03.2026 के पूर्वाह्न 11:00 बजे तक किसी प्रकार की आपत्ति प्राप्त होती है, तो पुनः विचार/अंतिम निर्णय हेतु तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाय। उक्त निर्धारित अवधि तक किसी प्रकार की आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में मुख्य विद्युत अभियंता–1, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना ई–निविदा के तकनीकी बीड में सफल निविदादाताओं के वित्तीय बीड को खोलने हेतु आवश्यक अग्रेतर कार्रवाई करेंगे ।

अंत में सधन्यवाद बैठक समाप्त हुई ।

12/03/26
(विपिन कुमार)
विद्युत कार्यपालक अभियंता,
विद्युत भवन प्रमंडल संख्या–3, पटना ।

12/03/26
(आदित्य राज)
विद्युत अधीक्षण अभियंता,
विद्युत भवन अंचल, पटना ।

12/3/26
(असीम कुमार)
मुख्य विद्युत अभियंता,
भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना ।

ज्ञापांक–प्र022/भ0वि0प्राक0–470/25– 166 (वि0) दिनांक– 12/3/26

प्रतिलिपि– आई0टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, पटना को विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित ।

12/3/26
(असीम कुमार)
मुख्य विद्युत अभियंता–1,
भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना ।